(ग) क्या वायुयान नियमावली 1937 में संशोधन करने के बाद धारा "28–क" के अधीन नियमों का पालन किया जा रहा है ; और

(घ) यदि हां, तो किस प्रकार से?

कोयला मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजित कुमार पांजा) : (क) एक ।

(ख) 60 वर्ष से नीचे की आयु का कोई उपयुक्त विकल्प अनुपलब्ध होने के कारण ।

(ग) और (घ) कोल इंडिया लि० के विमान निजी श्रेणी के अन्तर्गत आते हैं। इनका प्रयोग कम्पनी के अधिकारियों की यात्रा के लिये किया जाता है, अर्थात निजी प्रयोग के लिये किया जाता है और न कि वाणिज्यिक प्रयोग के लिये ।

रांची स्थित केन्द्रीय खान आयोजना तथा डिजाइन संस्थान लिमिटेड द्वारा भवन का निर्माण किया जाना

3553. **श्री ब्रह्मदेव आनन्द पासवान:** क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कोल इंडिया लिमिटेड की सहायक कम्पनी केन्द्रीय खान आयोजना तथा डिजाइन संस्थान, रांची द्वारा बिरसा कृषि विश्वविद्यालय की पचास एकड़ भूमि पर अवैध कब्जा करके भवन का निर्माण किया जा रहा है ;

(ख) बिहार सरकार तथा कोल इंडिया लिमिटेड की सहायक कम्पनी के बीच कितने भू-क्षेत्र के लिये समझौता हुआ है ;

(ग) यदि उनके बीच कोई समझौता हुआ है, तो उसका उद्देश्य क्या है; और

(घ) यदि समझौते के अनुसार वहां कार्य नहीं हो रहा है तो क्या सरकार इस अवैध निर्माण को रोकने हेतु कदम उठायेगी?

कोयला मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजित कुमार पांजा) : (क) और (ख) जी नहीं । केन्द्रीय खान आयोजन एवं डिजाइन संस्थान लिमिटेड (सी.एम.पी.डी.आई.एल.) द्वारा प्रदत्त सूचना के अनुसार राज्य सरकार द्वारा कांके में 15 एकड़ भूमि का आवंटन किया गया है, जिसके लिये सी.एम. पी.डी.आई.एल. और बिहार सरकार के बीच एक करार हुआ है ।

(ग) इस करार के अन्तर्गत इस भूमि को पब्लिक स्कूल, विज्ञान, प्रबंधन, प्रौद्योगिकी, कम्प्यूटर जैसे विषयों की उच्च शिक्षा के लिये स्कूल, अनुसंधान केन्द्र एवं ज्ञान के विविध क्षेत्रों के लिये इलेक्ट्रोनिकी अनुसंधान केन्द्र जैसे शैक्षणिक उद्देश्य से संबंधित भवन के निर्माण और स्थापना के लिये उपयोग में लाया जाना है और संरचनात्मक विनिर्माण अपेक्षित है ।

(घ) करार के अनुसार कार्य किया जा रहा है ।

Extraction if coal

3554. SHRI PARMESHWAR KUMAR AGARWALA; Will the Minister of COAL be pleased to state:

(a) what is the reason for extraction of 30838 million tonnes of coal only, 13626 million tonnes by-opencast method andl7212 million tonnes by underground mining, out of the total proved reserves of coal of 64595 million tonnes;

(b) what will be the overburden ration open cast minfing of the above reserves subsidiary-wise

(c) at what depth the under ground coal reserves of different seam are located subsidiary-wise of the above reserves; and

(d) what is the reason that out of total coal reserves of 192919 million tonnes of coal, 30838 million tonnes can ony be extracted?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COAL (SHRI AJIT KUMAR PANJA): (a) and